2022

HINDI — GENERAL

Paper : LCC-2(2)

(Hindi Bhasha aur Sampreshan)

Full Marks : 65

The figures in the margin indicate full marks.

Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.

1. सभी वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2×10

(क) 'ष' एवं 'श' कैसे व्यंजन है?

(ख) किन्हीं दो ओष्ठ्य व्यंजन का उदाहरण दीजिए।

(ग) वर्णों के उच्चारणों के किन्हीं दो स्थानों का नाम लिखिए।

(घ) संयुक्त व्यंजन के दो उदाहरण दीजिए।

(ङ) घोष तथा अघोष व्यंजन के एक-एक उदाहरण दीजिए।

(च) स्वर एवं व्यंजन में दो अंतर लिखिए।

(छ) वाक्य के किन्हीं दो भेदों के नाम लिखिए।

(ज) सकर्मक एवं अकर्मक क्रिया का एक-एक उदाहरण दीजिए।

(झ) 'बच्चे मैदान में खेल रहे हैं।' इस वाक्य में संज्ञा और क्रिया का उल्लेख कीजिए।

(ञ) निम्नलिखित वाक्यों के शुद्ध रूप लिखिए–

(अ) मुझे किताब पढ़ना दें।

(आ) श्याम ने रोटी बनाना सीख ली है।

2. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं ***तीन*** आलोचनात्मक प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10×3

(क) भाषा की परिभाषा बताते हुए उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(ख) भाषा संप्रेषण की अवधारणा स्पष्ट करते हुए उसके विविध चरणों का उल्लेख कीजिए।

(ग) बढ़ती बेरोजगारी की समस्या की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करते हुए किसी समाचार पत्र के सम्पादक को पत्र लिखिए।

(घ) 'कोशिश करने वालों की हार नहीं होती'– उक्त पंक्ति का भाव-पल्लवन कीजिए।

(ङ) हिन्दी वाक्य रचना के संगठन पर प्रकाश डालते हुए वाक्य के विभिन्न भेदों का परिचय दीजिए।

3. निम्नलिखित में से किन्हीं ***तीन*** पर टिप्पणी लिखिए : 5×3

(क) स्वर एवं व्यंजन

(ख) अल्पप्राण एवं महाप्राण

(ग) वाचन तथा लेखन

(घ) बलाघात

(ङ) अनुतान।